SIDBI
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

पंजीकृत डाक से, पावती सहित

सं.L00132277/एफएए/2016-17/ए-24 22 मार्च, 2017

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रथम अपीलीय प्राधिकारी
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)
अपील सं.: 24/2016-17

श्री विनीत पुजारा द्वारा अपने दिनांक 13/01/2017 के आवेदन के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के अंतर्गत दिनांक 15/03/2017 की अपील

पृष्ठभूमि :

श्री विनीत पुजारा, पुत्र श्री हरभजन पुजारा, एल - 16, मॉडल टाउन कंकर खेड़ा, मेरठ कैंट 250001, उत्तर प्रदेश ने अपने दिनांक 13/01/2017 के आवेदन पत्र द्वारा अन्तर्देशीय कार्ड में सिडबी द्वारा छपे विज्ञापन जिसमें लिखा गया है "छोटे उद्योग लगायें बड़ा लाभ कमायें" किस माह व वर्ष में छपवाया गया था से संबंधित जानकारी प्राप्त करनी चाही । केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2017 के आदेश सं.2052 द्वारा उक्त आवेदन पत्र का निस्तारण किया गया । उत्तर से संतुष्ट न होने की दशा में अपीलार्थी ने दिनांक 15 मार्च, 2017 की यह अपील प्रस्तुत की है जो अद्योहस्ताक्षरी को दिनांक 21 मार्च, 2017 को प्राप्त हुई है ।

मैने अपीलार्थी द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र, केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के दिनांक 20 फरवरी, 2017 के आदेश सं.2052, एवं अपील का भलीभाँति अवलोकन किया है । मैने केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के निर्णय द्वारा प्रदान जानकारी का भी अवलोकन किया है जो स्वयं स्पष्ट है ।

....2

<u>निर्णय</u> :

मेरे विचार से केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2017 के आदेश के माध्यम से जो सूचना प्रदान की गई है वह पूर्ण एवं उपलब्ध जानकारी के आधार पर है अत: अपील रद्द की जाती है ।

आदेश तदनुसार ।

शै महलवार

[शैलेन्द्र महलवार]
मुख्य महाप्रबंधक तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी